1	2	3	4	5
18.	मरियम सोसायटी, भोपाल	—	2,03,000	55,000
19.	आशा निकेतन, भोपाल	1,50,000	1,25,000	49,000
20.	मरियम स्कूल फार मेंटली हैडीकेप्ड, भोपाल	1,50,00	1,50,000	10,000
21.	प्रमोध वन अन्धाम, चित्रकूट	47,115	94,635	—
22.	इंडियन कांउसिल फार सोशल वेलफेयर, गांधी भवन	64,350	36,450	3,01,185
23.	चित्तोड़गढ़ बाल एवं वृद्धा कतयाम्र परिषद , रायपुर	—	—	59,513
24.	मध्य प्रदेश स्टेट ब्रांच आफ दि नेशनल एसोसिएशन फार दि ब्लाइंड, इंदौर	8,294	50,000	—
25.	कस्तूरबा गांधी नेशनल ममोरियल ट्रस्ट, इंदौर	—	50,000	—

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग

656. **श्री अजीत जोगी :**
श्री मूल चन्द मीणा :

क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का गठन कर लिया है ;

(ख) यदि हां, तो उसके सदस्य कौन-कौन है ;

(ग) आयोग के सदस्यों का चयन किस प्रकार किया जाता है ;

(घ) क्या यह सच है कि आयोग में इस समय एक भी मुस्लिम सदस्य नहीं है ; और

(ङ) आयोग ने अल्पसंख्यकों के हित में क्या-क्या कार्य किये हैं ?

कल्याण मंत्री (श्री सीता राम केसरी) : (क) से (ङ) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम, 1992 के तहत राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के गठन का मामला सरकार के विचाराधीन है । अधिनियम के अनुसार आयोग का अध्यक्ष तथा छः सदस्यों को प्रतिष्ठित, योग्य तथा ईमानदार व्यक्तियों में से केन्द्रीय सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करते हुए नामित किया जाना है कि अध्यक्ष सहित कम से कम 5 सदस्य अल्पसंख्यक समुदाय से हों ।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के गठित किये जाने पर वर्तमान अल्पसंख्यक आयोग अपना काम करना बन्द कर देगा । इस समय वर्तमान अल्पसंख्यक आयोग में, इसके अध्यक्ष श्री एस० एम० एच० बर्नी के 31 मार्च, 1992 को सेवा निवृत्त होने के बाद से अब तक कोई मुस्लिम सदस्य नहीं है ।

अब तक वर्तमान अल्पसंख्यक आयोग ने अपनी 13 वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है जिनमें से पहली 10 रिपोर्टों को संसद के दोनों सदनों में पहले ही रख दिया गया है ।

Amount paid under old-age pension

657. SHRI NYODEK YONGGAM: Will the Minister of WELFARE be pleased to state the total amount of money paid to persons under 'old-age' pension scheme in the country during the last two years, State-wise